दिन–रविवार दिनांक– 13 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ स्तर के अधिकारी घर–घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं। इस दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों की बड़ी संख्या में पहचान की गई है। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार ये लोग आधार, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और अन्य सभी दस्तावेज़ हासिल करने में सफल रहे हैं। आयोग के अनुसार एक अगस्त से तीस अगस्त तक चलने वाली जांच के बाद ऐसे लोगों के नामों को इस वर्ष तीस सितंबर को जारी होने वाली मतदाता अंतिम सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर अधिक उत्साह देखा जा रहा है। श्री गुंजियाल ने बताया कि पहली अगस्त को प्रकाशित होने वाली अस्थायी सूची में नाम शामिल कराने के लिए जिन मतदाताओं के पास वोटर कार्ड उपलब्ध है, उन्हें भी जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरना होगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक दस्तावेज नहीं होने पर मतदाता फिलहाल गणना प्रपत्र जमा कर दें। आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के लिए मतदाताओं को तीस अगस्त तक का समय दिया जायेगा। मुख्य निवार्चान पदाधिकारी ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में बीस जुलाई से बूथ लेवल अधिकारी एक बार फिर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करेंगे। इधर, गणना प्रपत्र जमा करने के लिए आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पंद्रह जुलाई को समस्तीपुर जिले में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री ताजपुर–बख्तियारपुर

फोरलेन परियोजना के ताजपुर से चकलालशाही तक के हिस्से का उद्‌घाटन करेंगे। इस मार्ग के चालू हो जाने से यात्रियों को समस्तीपुर से पटना तक बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बलान और जमुआरी नदी के उड़ाही कार्य की शुरुआत भी मुख्यमंत्री करेंगे। इससे बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी की व्यवस्था मजबूत होगी।

———————————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटो के दौरान बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दवाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से पन्द्रह और सोलह जुलाई को रोहतास, गया, औरंगाबाद, नवादा, सीतामढ़ी, मधुबनी, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में अनेक स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———————————————————————————

सावन की पहली सोमवारी कल है। इस अवसर पर भागलपुर जिले के सुल्तानगंज गंगा घाट पर डाक बमों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी है। कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिला प्रशासन ने डाक बमों को प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कई स्थानों पर शिविर बनाया है। वहीं, सारण जिले के पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर डाक कांवरियां हाजीपुर होते हुये मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर तक जाते हैं। इन काँवरियों की सुविधा के लिए वैशाली जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। प्रत्येक शनिवार को सुबह छह बजे से सोमवार दोपहर दो बजे तक हाजीपुर से मुजपफरपुर जाने वाले सभी चार पहिया वाहन हाजीपुर के रामाशीष चौक से अंजान पीर, लालगंज, वैशाली, सरैया होते हुये मुजफ्फरपुर जायेंगे। इधर, पहली सोमवारी को लेकर प्रदेश के शिवालयों में भी विशेष तैयारी की जा रही है।

———————————————————————————

समाप्त